## गुस्ताखी माफ



सड़कों पर है हर जगह, ट्रैफिक की भरमार।
कहां चलायें साइकिल, साइड जाते मार।
साइड जाते मार, साइकिल कहां चलायें।
खड़ी मुसीबत बड़ी, जान क्यों यहां फंसायें।
कह साहिल कविराय, हमें पूरा अंदाजा।
सेहत करते ठीक, कहीं बज जाये बाजा।


- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 144 | THURSDAY 04-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# मजीठा से प्रोत्साहित हो छूट भैया नेता ने खुद लुधियाना थाने से आरोपी भागने का वीडियो किया वायरल, दोनों जगह पुलिस के लिए चुनौती

लुधियाना/यूटर्न/3 जून। पिछले दिनों के दौरान पंजाब के दो प्रमुख शहरों में थानों से आरोपियों को छुड़वाने का मामला सामने आया है। दोनों मामलों में नेताओं द्वारा सरेआम आरोपियों को थाने से बाहर लाया गया और फिर अपने साथ लेकर फरार हो गए। यह मामले पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं। दरअसल, एक तरफ जहां अमृतसर के मजीठा थाने से अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया द्वारा सरेआम जोबनप्रीत सिंह को रिहा करवाया गया था। उसी तरह उसी रात लुधियाना के थाना दरेसी से एक कॉपी राइट एजेंट व छुटभैया नेता और एक बीजेपी की महिला पार्षद के पति ने मिलकर 5 करोड़ की ठगी के आरोपी होजरी कारोबारी दो भाई साहिल मल्होत्रा और प्रदुमन मल्होत्रा को सरेआम रिहा करवाया और फरार हो गए। यह दोनों मामले राज्य में चर्चा का विषय बने हुए हैं। दोनों मामलों में पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। अब देखना होगा कि दोनों मामलों से हुए डैमेज को कैसे कंट्रोल किया जाता है।




थाने से आरोपी भगाने के बाद छुटभैया नेता और पार्षद पति ने वीडियो बना सोशल मीडिया पर डाली

### गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

वहीं चर्चा है कि थाना दरेसी से दोनों आरोपियों को रिहा करवाने के बाद लुधियाना पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। जिसके चलते दोनों आरोपी भाई साहिल मल्होत्रा और प्रदुमन मल्होत्रा और उन्हें थाने से भगाकर ले जाने वाले साथियों को लेकर पुलिस लगातार रेड कर रही है। चर्चा है कि इस पूरे घटनाक्रम में छुटभैया नेता के साथ एक महिला पार्षद का पति भी मौजूद था।

### लुधियाना डीसी और सीपी ऑफिस में देखा छुटभैया नेता

चर्चा है कि दोनों आरोपी भाइयों को थाने से रिहा करवाने वाला छुटभैया नेता इतना बाहुबली है कि वे इस घटनाक्रम के बाद बुधवार को सरेआम डीसी और सीपी ऑफिस में घूमता देखा गया। चर्चा है कि उसने सीपी ऑफिस में किसी अधिकारी से भी मुलाकात की है। लेकिन किस अधिकारी से की, यह अभी पता नहीं चल सका। चर्चा है कि अगर सीपी ऑफिस के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएं तो बड़ा खुलासा हो सकता है। वैसे अधिकारी जल्द किसी को नहीं मिलते, लेकिन यहां दो अपराधियों को थाने से भगाकर ले जाने वाले से खुलेआम मिला जाना चर्चा का विषय बन गया है।

### क्या आला अधिकारियों को नहीं है खबर ?

शहर में चर्चा है कि दो अपराधियों को सरेआम थाने से भगाकर ले जाना कहीं न कहीं पुलिस कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि पुलिस डैमेज कंट्रोल में तो लगी है लेकिन हो नहीं पा रहा। अब शहर में चर्चा है कि क्या आला अधिकारियों को इस घटना की जानकारी नहीं है या पता होने के बावजूद वे चुप बैठे हैं।

### नाचते हुए वीडियो सोशल मीडिया से हटाया

चर्चा है कि थाने से अपराधी ले जाने के बाद छुटभैया नेता और पार्षद पति ने नाचते हुए एक वीडियो बनाई और उसे सोशल मीडिया अकाउंट पर भी डाला। वह तेजी से वायरल भी हुई। लेकिन अब विवाद बढ़ने पर वीडियो हटा लिया गया है। इसी तरह की कई वीडियो सोशल मीडिया पर डाली गई, लेकिन ज्यादातर अभी भी मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

## डीके शिवकुमार ने कर्नाटक के CM के तौर पर शपथ ली



चंडीगढ़/यूटर्न/3 जून। आठ बार विधायक रहे और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने बुधवार को शाम 4.15 बजे लोक भवन में कर्नाटक के 25वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से नेतृत्व का हस्तांतरण पूरा हो गया, जिसकी शुरूआत पिछले हफ़्ते हुई थी। शपथ ग्रहण समारोह से कुछ घंटे पहले, कांग्रेस ने 13 कैबिनेट मंत्रियों की एक सूची जारी की, जो उट के साथ शपथ लेंगे। जहाँ कांग्रेस ने जी. परमेश्वर को उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने का फैसला किया है, वहीं अन्य नामों में यतींद्र सिद्धारमैया, यू.टी. खादर, एम.बी. पाटिल, के.जे. जॉर्ज, के.एच. मुनियप्पा, सतीश जारकीहोली, रामलिंगा रेड्डी, कृष्णा बायरेगौड़ा, प्रियंका खड़गे, ईश्वर खंड्रे, बायराथी सुरेश और शरण प्रकाश पाटिल शामिल हैं। उम्मीद है कि राज्यसभा चुनावों के बाद कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले कांग्रेस नेताओं में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन (केरल), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना) और सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिमाचल प्रदेश) शामिल थे। इस कार्यक्रम में कई धार्मिक नेता, छात्र, सफाई कर्मचारी, किसानों के नेता, दलित नेता और कन्नड़ कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

## गैंगस्टरों पर पंजाब पुलिस का बड़ा शिकंजा, 133वें दिन 499 ठिकानों पर छापेमारी, 221 गिरफ्तार

नवीन गोगना



लुधियाना/यूटर्न/03 जून। पंजाब को गैंगस्टर मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान 'गैंगस्टरों ते वार' के तहत पंजाब पुलिस ने 133वें दिन राज्यभर में बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के चिन्हित 499 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस अभियान के दौरान पुलिस ने 221 लोगों को गिरफ्तार किया और दो हथियार बरामद किए। इसके साथ ही अभियान शुरू होने के बाद कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 33,340 तक पहुंच गई है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के नेतृत्व में 20 जनवरी 2026 से शुरू किए गए इस अभियान को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) और जिला पुलिस इकाइयों के सहयोग से लगातार चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान 81 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि पूछताछ के बाद 10 लोगों को छोड़ दिया गया। पुलिस ने तीन भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उधर, पंजाब पुलिस ने नशों के खिलाफ जारी 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 458वें दिन भी सख्त कार्रवाई करते हुए 91 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 910 ग्राम हेरोइन, 285 नशीली गोलियां और 5.07 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इस अभियान के तहत अब तक 66,282 नशा तस्करों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे गैंगस्टरों और अपराधियों से जुड़ी किसी भी सूचना को गोपनीय रूप से एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 पर साझा कर सकते हैं। इसके अलावा 11 लोगों को नशा मुक्ति और पुनर्वास कार्यक्रम से भी जोड़ा गया।

## कन्फेक्शनरी कारोबारी ने निर्माणाधीन कोठी में किया सुसाइड, सुसाइड नोट हुआ बरामद

लुधियाना/यूटर्न/3 जून। कन्फेक्शनरी कारोबारी खुशबीर सिंह की उनकी मॉडल टाउन स्थित उनकी निमार्णाधीन कोठी से फंदे पर लटकती लाश बरामद हुई है। थाना मॉडल टाउन पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



मृतक खुशबीर सिंह

मृतक की पहचान सलेम टाबरी इलाके के लक्ष्मीपुरी मोहल्ले के रहने वाले खुशबीर सिंह के रुप में हुई है। परिवार मुताबिक देर शाम तक खुशबीर सिंह घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिवार ने उनके दोस्तों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने मॉडल टाउन स्थित निमार्णाधीन कोठी में काम कर रहे ठेकेदार और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ की। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि खुशबीर सिंह की कार कोठी के बाहर खड़ी थी, लेकिन वह दिखाई नहीं दे रहे थे। तलाश के दौरान उनका शव कोठी के अंदर मिला। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को मौके से एक अंग्रेजी में लिखा सुसाइड नोट भी मिला है। इसके अलावा खुशबीर सिंह का मोबाइल फोन भी जांच के लिए कब्जे में लिया गया है। शुरूआती जानकारी के अनुसार सुसाइड नोट में लुधियाना और हरियाणा के कुछ लोगों के नाम लिखे गए हैं। हालांकि नोट में क्या लिखा है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## मार्केट कमेटी कार्यालय में ड्यूटी के दौरान शराब सेवन का मामला, चार कर्मचारी पकड़े गए; कारोबारी ने धमकी देने का लगाया आरोप

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। सेक्टर-26 स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से शराब सेवन किए जाने का मामला सामने आया है। मार्केट कमेटी की प्रशासक एवं एसडीएम (ईस्ट) खुशप्रीत कौर ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यालय में छापेमारी कर चार कर्मचारियों को कथित रूप से कार्यालय समय में शराब पीते हुए पकड़ा। प्रशासन ने मौके पर सबूत एकत्रित करने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करवाई तथा संबंधित कर्मचारियों को सेक्टर-16 स्थित सरकारी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए भेज दिया।

एसडीएम खुशप्रीत कौर ने बताया कि कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है और अस्पताल से रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस कार्रवाई से मार्केट कमेटी कार्यालय में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों में चर्चा का विषय बना रहा।

इसी बीच मामले ने नया मोड़ तब ले लिया जब सेक्टर-26 अनाज मंडी के कारोबारी सुधीर कुमार ने मार्केट कमेटी के एक कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए। शिकायत के अनुसार 28 मई को उन्हें मार्केट कमेटी के लाइब्रेरी अटेंडेंट जगजीत सिंह का फोन आया, जिसने कथित तौर पर उन्हें प्रशासन को सूचना देने का जिम्मेदार ठहराते हुए गाली-गलौज की तथा उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

सुधीर कुमार ने प्रशासन को दी शिकायत में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई करने तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। शिकायत की प्रतियां राज्य कृषि विपणन बोर्ड, एसएसपी चंडीगढ़ और मार्केट कमेटी प्रशासन को भी भेजी गई हैं। प्रशासन ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।

# हरियाणा में स्वास्थ्य सेवा को बड़ा विस्तार: 15.70 करोड़ की लागत से बनेंगे 26 नए आयुर्वेदिक औषधालय

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। हरियाणा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य के छह जिलों में 15.70 करोड़ रुपये की लागत से 26 नए सरकारी आयुर्वेदिक औषधालय स्थापित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य आयुष (अ वरल्ल) स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ाना और गांवों में लोगों को बेहतर और सुलभ आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराना है।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा आयुष विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इन औषधालयों का निर्माण यमुनानगर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र, करनाल और गुरुग्राम जिलों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक 10 औषधालय यमुनानगर में बनाए जाएंगे, जबकि महेंद्रगढ़ में 6, रेवाड़ी में 5, कुरुक्षेत्र में 3, करनाल और गुरुग्राम में 1-1 औषधालय स्थापित होगा।

डॉ. मिश्रा के अनुसार प्रत्येक औषधालय की अनुमानित लागत 58 लाख से 64 लाख रुपये के बीच रखी गई है। निर्माण कार्य विकास एवं पंचायत विभाग से प्राप्त लागत अनुमानों के आधार पर किया जाएगा और परियोजना को संबंधित एजेंसियों के सहयोग से पूरा किया जाएगा।

सरकार का मानना है कि इन औषधालयों के शुरू होने से ग्रामीण इलाकों में न केवल आयुर्वेदिक उपचार की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि लोगों को निवारक स्वास्थ्य सेवाओं का भी बेहतर लाभ मिलेगा। इस योजना से हरियाणा के आयुष ढांचे को मजबूती मिलने के साथ-साथ गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं का नया विस्तार देखने को मिलेगा।

# हरियाणा के किसानों के लिए 'गो ग्लोबल' मिशन को नई उड़ान: अब अफ्रीका तक पहुंचेगा कृषि कारोबार

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। हरियाणा के किसानों के लिए एक बड़ा बदलाव आने वाला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के अपने ह्गो ग्लोबलह्र विजन को नई गति देते हुए एक अहम समझौता कराया है, जिसके तहत अब राज्य के किसान न केवल देश में बल्कि अफ्रीकी देशों जैसे तंजानिया और केन्या में भी खेती और कृषि कारोबार के अवसर तलाश सकेंगे।



पंचकूला के मोरनी क्षेत्र में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में देश की प्रसिद्ध मसाला कंपनी एमडीएच और हरियाणा के 6 किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) के बीच यह महत्वपूर्ण करार हुआ। इस समझौते का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक, अंतरराष्ट्रीय बाजार और मूल्य संवर्धन से जोड़कर उनकी आय में बढ़ोतरी करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को सिर्फ पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि उन्हें कृषि उद्यमी बनाकर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि शुरूआती चरण में मोरनी क्षेत्र में लगभग 4,000 एकड़ में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस योजना के तहत मोरनी में अदरक, हल्दी, मिर्च और अन्य मसाला फसलों की व्यावसायिक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। एमडीएच किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, खरीद और विपणन में सहयोग देगा।

साथ ही कीटनाशक-मुक्त खेती को बढ़ावा देकर किसानों से सीधी खरीद व्यवस्था भी मजबूत की जाएगी। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समझौते के तहत भविष्य में हरियाणा के FPOs को अफ्रीकी देशों में जमीन लेकर खेती करने का अवसर भी मिल सकता है। एमडीएच वहां उत्पादित फसलों की खरीद के लिए भी तैयार रहेगा, जिससे किसान पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कृषि कारोबार से सीधे जुड़ सकेंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि यह पहल हरियाणा को वैश्विक कृषि आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और राज्य को स्पाइस हब के रूप में नई पहचान मिलेगी। एमडीएच के प्रबंधक राजीव गुलाटी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल किसानों, उद्योग और सरकार के बीच मजबूत साझेदारी का उदाहरण बनेगा और ऑर्गेनिक तथा पेस्टिसाइड-फ्री खेती को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी और एफपीओ से जुड़े किसान भी मौजूद रहे।

## फन रिपब्लिक के पास अतिक्रमण पर निगम की कार्रवाई, 13 वाहन जब्त, काटे 16 चालान

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। नगर निगम चंडीगढ़ ने सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को मनीमाजरा सेक्टर-13 में विशेष एंटी-एन्क्रोचमेंट ड्राइव चलाया। यह कार्रवाई विशेष रूप से फन रिपब्लिक के निकट स्थित पार्किंग क्षेत्र और उसके आसपास के इलाकों में की गई।



अभियान के दौरान निगम की प्रवर्तन टीम ने लोगों की आवाजाही में बाधा बन रहे विभिन्न अतिक्रमणों को हटाया तथा फन रिपब्लिक की पूरी पार्किंग को अवैध कब्जों से मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से खड़े किए गए और अतिक्रमण में इस्तेमाल हो रहे 13 वाहनों को जब्त किया गया।

इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे मैकेनिकों द्वारा रखे गए टूल बॉक्स और अन्य सामान भी कब्जे में लिए गए। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों का व्यावसायिक उपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बरतते हुए निगम की टीम ने अतिक्रमण और संबंधित अन्य उल्लंघनों के मामलों में कुल 16 चालान भी जारी किए।

लुधियाना
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 गुरूवार, 04 जून 2026



पेज 06 अरोड़ा महासभा पंजाब ने की नई नियुक्तियां, श्वेता...




# लुधियाना में नौसरबाजों का अनोखा तरीका, ऑनलाइन पैसे डलवाकर हो जाते हैं फरार



लुधियाना/यूटर्न/3 जून। महानगर के शिंगार सिनेमा रोड और आसपास के इलाकों में इन दिनों एक शातिर दिमाग ठग सक्रिय है, जो बेहद चालाकी से दुकानदारों को निशाना बनाकर उनकी गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहा है। एक्टिवा सवार यह आरोपी खास तौर पर मनी ट्रांसफर की दुकानों को टारगेट कर रहा है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। ताजा घटना मंगलवार देर शाम की है, जब आरोपी ने एक मनी ट्रांसफर दुकान के मालिक अमन सभ्रवाल को अपनी बातों में फंसाकर 10,000 रुपये की ठगी कर ली और मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी बेहद शालीनता से दुकान पर पहुंचा और ऑनलाइन 10 हजार रुपये ट्रांसफर करने की बात कही। जब दुकानदार ने सुरक्षा के तौर पर नकद राशि मांगी, तो आरोपी ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह कहीं नहीं जा रहा है और वहीं खड़ा है। भरोसा जीतने के बाद जैसे ही पैसे ट्रांसफर किए गए और स्क्रीनशॉट दिखाया गया, आरोपी ने जेब टटोलने का नाटक किया।

### डिग्गी से पैसे निकालने की कही बात

इसके बाद उसने कहा कि वह अपनी एक्टिवा की डिग्गी से पैसे निकालकर देता है, लेकिन यह भी एक चाल थी। कुछ ही पलों में वह एक्टिवा पर सवार हुआ और तेज रफ्तार से फरार हो गया। दुकानदार ने उसका पीछा कर भागा, लेकिन आरोपी आंखों से ओझल हो गया। यह पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### एक अन्य दुकानदार को बनाया शिकार

हैरानी की बात यह है कि एक अन्य दुकानदार सचिन ने भी बताया कि यही आरोपी कुछ दिन पहले उसकी दुकान पर आया था और इसी तरह 10,000 रुपये की ठगी कर फरार हो गया था। इससे साफ है कि आरोपी सुनियोजित तरीके से केवल मनी ट्रांसफर दुकानों को निशाना बना रहा है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, आरोपी वारदात के बाद अपना मोबाइल फोन बंद कर देता है, जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल हो जाता है। फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# लुधियाना में जिम ट्रेनर पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप, मामला दर्ज




लुधियाना/यूटर्न/03 जून। लुधियाना के थाना डाबा क्षेत्र में एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने एक जिम ट्रेनर के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में धोखा देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है।

पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात नवंबर 2025 में एक जिम में हुई थी, जहां आरोपी जिम ट्रेनर के रूप में कार्य करता था। दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई और बाद में आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसे विश्वास दिलाया था कि वह जल्द ही उससे विवाह करेगा।

शिकायत के अनुसार, संबंधों के दौरान युवती गर्भवती हो गई। उसका आरोप है कि गर्भधारण की जानकारी मिलने के बाद आरोपी का व्यवहार बदल गया और उसने शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उससे आर्थिक मदद की मांग की और दबाव बनाया।

# धोखे से बुलाकर यार्न कारोबारी से दो व्यापारी भाइयों ने की मारपीट, मामला दर्ज



लुधियाना/यूटर्न/3 जून। सुंदर नगर इलाके में दो यार्न व्यापारी भाइयों ने एक व्यक्ति के जरिए यार्न कारोबारी को धोखे से बुलाकर उसके साथ मारपीट की और धमकियां दी। थाना दरेसी की पुलिस ने कॉलेज रोड के संदीप कुमार गुप्ता की शिकायत पर सुंदर नगर के अमित ठाकुर और अशोक ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनका गुरु नानक देव नगर में वेबसन क्लॉथिंग इंडिया के नाम से कपड़ों की दुकान है। उसे 27 मई को केआर यार्न प्राइवेट लिमिटेड सुंदर नगर कके मालिक कृष्ण गर्ग का कॉल आया। जिसने कहा कि उसका किसी दमोदर यार्न एजेंसी मालिक अमित के साथ कोई लेनदेन है तो आगे से शिकायतकर्ता ने इंकार कर दिया। जिसके बाद उसने शिकायतकर्ता को अपनी फैक्ट्री बुला लिया। वहां पर पहले से ही 4-5 यार्न डीलर जिनमें आरती सपीनिंग मिल के सेल्स मैनेजर राजीव शर्मा और अमित ठाकुर, उसका भाई अशोक ठाकुर बैठे थे। इस दौरान मीटिंग में शिकायतकर्ता अपना पक्ष पेश कर रहा था, तभी अमित ठाकुर ने बदसलूकी करनी शुरू कर दी। जिसके बाद उसने मारपीट की। जबकि अशोक ठाकुर भी धमकियां देने लगा और मारपीट की। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया।

# ओमैक्स हैप्पीनेस क्लब ने उत्साहपूर्वक मनाया विश्व साइकिल दिवस



लुधियाना/यूटर्न/03 जून। ओमैक्स हैप्पीनेस क्लब द्वारा विश्व साइकिल दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्य एकत्रित हुए और साइकिलिंग के माध्यम से स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब के कार्ड रूम में आयोजित एक विशेष सभा से हुई, जहां सदस्यों ने साइकिलिंग के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद प्रतिभागियों ने सामूहिक साइकिल राइड में हिस्सा लिया, जो क्लब परिसर से शुरू होकर सेलेस्टिया ग्रैंड तक पहुंची। काले रंग की टी-शर्ट, कैप और शेड्स में सजे सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ राइड पूरी की। इस दौरान स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण में साइकिल की भूमिका को प्रमुखता से उजागर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि साइकिल केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक प्रभावी कदम है। इस आयोजन ने बचपन की यादों को ताजा करने के साथ-साथ लोगों को नियमित साइकिलिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया। क्लब के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता और महासचिव अशोक मेहरा ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ओमैक्स हैप्पीनेस क्लब भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता रहेगा।

# चंडीगढ़ में वेंडिंग जोनों का व्यापक निरीक्षण, रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं की समस्याओं का होगा समाधान

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। शहर के वेंडिंग जोनों में रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों और समस्याओं के समाधान की दिशा में नगर निगम चंडीगढ़ ने अहम कदम उठाया है। टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) के सदस्यों की ओर से दिए गए प्रतिनिधित्व पर गठित समिति ने मंगलवार को शहर के विभिन्न वेंडिंग जोनों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का नेतृत्व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. हिमांशु गुप्ता ने किया। इस दौरान शहरी नियोजन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, इंजीनियरिंग विंग (बी एंड आर), प्रवर्तन शाखा, वेंडर सेल तथा टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य मुकेश गिरी और रविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दिनभर चले निरीक्षण अभियान के दौरान समिति ने सेक्टर-18, 22, 34, 35, 37, 45, 47, 48 और 49 स्थित विभिन्न वेंडिंग जोनों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। समिति ने वेंडर प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान वेंडिंग जोनों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, यातायात व्यवस्था, आम जनता की सुविधा, पहुंच, सुरक्षा संबंधी पहलुओं तथा जोनों के समग्र संचालन की समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों ने प्रत्येक स्थल पर मौजूद चुनौतियों का अध्ययन किया और आवश्यकतानुसार संबंधित पक्षों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। अधिकारियों ने स्थान आवंटन की पर्याप्तता, पैदल यात्रियों की आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था, प्रवर्तन संबंधी चुनौतियों और अन्य परिचालन पहलुओं का भी मूल्यांकन किया ताकि वेंडिंग जोन सुचारु रूप से संचालित हो सकें और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ. हिमांशु गुप्ता ने कहा कि यह निरीक्षण प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित मूल्यांकन के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान एकत्र किए गए तथ्यों और सुझावों के आधार पर समिति व्यावहारिक और संतुलित सिफारिशें तैयार करेगी, जिससे स्ट्रीट वेंडरों के हितों की रक्षा के साथ-साथ शहरी नियोजन और सार्वजनिक सुरक्षा मानकों का भी पालन सुनिश्चित किया जा सके। समिति अब निरीक्षण के दौरान जुटाए गए निष्कर्षों और अवलोकनों को संकलित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसे आगे की कार्रवाई और निर्णय के लिए सक्षम प्राधिकारी को सौंपा जाएगा। नगर निगम का यह कदम शहर में व्यवस्थित, समावेशी और टिकाऊ वेंडिंग व्यवस्था विकसित करने तथा स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: फन रिपब्लिक के पास अतिक्रमण हटाया, 13 वाहन जब्त, 16 चालान काटे



चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जों और अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम चंडीगढ़ का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने मनीमाजरा के सेक्टर-13 स्थित फन रिपब्लिक के आसपास और पार्किंग क्षेत्र में विशेष अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने आम लोगों की आवाजाही में बाधा बन रहे विभिन्न अतिक्रमणों को हटाया और फन रिपब्लिक पार्किंग क्षेत्र को पूरी तरह अवैध कब्जों से मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से खड़े किए गए और अतिक्रमण कर रहे 13 वाहनों को जब्त किया गया।

## भैंस चोरी गिरोह का दूसरा आरोपी यूपी से गिरफ्तार, चोरी की भैंस बरामद

पंचकूला/यूटर्न/03 जून। पंचकूला पुलिस ने भैंस चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए गिरोह के दूसरे आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश और हरियाणा में चोरी समेत अन्य आपराधिक मामलों के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

एसीपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना कालका में एक डेयरी संचालक ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने अपनी और अपने भतीजे की भैंसें गांव स्थित बाड़े में बांधी हुई थीं। 6 अप्रैल 2026 की रात चारा-पानी देने के बाद दोनों भैंसें सुरक्षित थीं, लेकिन अगले दिन सुबह बाड़े से दोनों भैंसें गायब मिलीं। शिकायत के आधार पर 7 अप्रैल को थाना कालका में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)



की धारा 305 और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि मामले की जांच एवीटी स्टाफ पंचकूला को सौंपी गई थी। जांच के दौरान इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहले आरोपी हमीद उर्फ टल्ली, निवासी सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी की गई एक भैंस बरामद की गई, जिसे पहचान के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसके मालिक को सौंप दिया गया। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए पुलिस




ने 31 मई को गिरोह के दूसरे आरोपी बुरहान, निवासी सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ पूरी होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है तथा संगठित चोरी गिरोह के पूरे नेटवर्क की जांच जारी है।

## कालका में वाहन के इंजन पार्ट चोरी मामले में 1 नाबालिग समेत 3 आरोपी काबू, चोरीशुदा सामान बरामद

पंचकूला/यूटर्न/03 जून। पंचकूला पुलिस ने कालका क्षेत्र में वाहन के इंजन के महंगे पार्ट चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि वारदात में शामिल नाबालिग को



जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार कालका निवासी एक युवक ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी वाहन मरम्मत की दुकान पर मरम्मत के लिए आए एक वाहन के इंजन के महत्वपूर्ण पार्ट वाहन के अंदर रखे गए थे। अगले दिन सुबह वाहन का पिछला शीशा टूटा हुआ मिला और उसमें रखे पिस्टन, एसी कंप्रेसर, अल्टरनेटर, कैटेलिटिक कन्वर्टर, सेल्फ स्टार्टर, टाइमिंग कवर, इंजेक्टर सहित अन्य महंगे इंजन पार्ट चोरी पाए गए।

शिकायत के आधार पर थाना कालका में 2 जून को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एएसआई प्रवीण कुमार की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कृष्ण और राजेश नामक दो आरोपियों को कागुवाल-शिमला हाईवे क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए एक नाबालिग साथी का नाम भी बताया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा इंजन के लोहे के पार्ट टिपरा-कालका रोड के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान उनसे जिले में हुई अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## पहली बार मुल्लांपुर में टेस्ट क्रिकेट, दर्शकों के लिए खास

मोहाली/यूटर्न/3 जून। न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्थित स्टेडियम में 6 से 10 जून तक भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाले टेस्ट मैच को लेकर पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह भारत का 31वां और



पंजाब का तीसरा टेस्ट क्रिकेट वेन्यू होगा। इससे पहले पंजाब में मोहाली और जालंधर टेस्ट मैचों की मेजबानी कर चुके हैं। वहीं, टिकट की शुरूआती कीमत 250 रुपए रखी गई है। खास बात यह है कि एक ही टिकट पर दर्शक टेस्ट मैच के पांचों दिन मुकाबले का आनंद ले सकेंगे। दोनों टीमें चंडीगढ़ पहुंच चुकी हैं और मुल्लांपुर स्थित स्टेडियम में अभ्यास कर रही हैं। मैच को लेकर पीसीए सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर ने तैयारियों की जानकारी साझा की। पीसीए सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर ने बताया कि 6 से 10 जून तक भारत और अफगानिस्तान के बीच टेस्ट मैच खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि पहली बार मुल्लांपुर स्टेडियम को टेस्ट मैच की मेजबानी का मौका मिला है। यह भारत का 31वां और पंजाब का तीसरा टेस्ट वेन्यू होगा।

चंड़ीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 गुरूवार, 04 जून 2026



पेज 09 अवैध निर्माणों पर नगर परिषद का एक्शन...

# ईसीएचएस घोटाला: 10 बेड की मंजूरी, अस्पताल में मिले 50 से अधिक बेड; प्रशासनिक निगरानी पर उठे सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। ईसीएचएस घोटाले की जांच के दौरान सामने आ रहे खुलासों ने शहर के निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच के दायरे में आए सेक्टर-15 स्थित धर्म हॉस्पिटल में निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक बेड संचालित किए जाने का मामला सामने आया है, जिससे प्रशासनिक निगरानी और नियामक व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।

जानकारी के अनुसार प्रशासन की पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी ने अस्पताल को केवल 10 बेड संचालित करने की मंजूरी दी थी। यह अनुमति वर्ष 2028 तक वैध है। इसके बावजूद अस्पताल में 50 से अधिक बेड लगाए जाने की बात सामने आई है। नियमों के अनुसार निर्धारित क्षमता से अधिक बेड संचालित करने के लिए संबंधित विभागों से अलग मंजूरी आवश्यक होती है।







## बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन भी जांच के घेरे में

मामले में एक और महत्वपूर्ण पहलू बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन से जुड़ा हुआ है। सूत्रों के अनुसार शहर के विभिन्न अस्पतालों से बायो मेडिकल कचरा एकत्रित करने वाली एजेंसी धर्म हॉस्पिटल से 25 से अधिक बेड की क्षमता के अनुरूप कचरा उठा रही थी। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि अस्पताल की वास्तविक क्षमता और रिकॉर्ड में दर्ज क्षमता में इतना बड़ा अंतर कैसे बना रहा। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि अस्पताल द्वारा उत्पन्न किए गए बायो मेडिकल वेस्ट का रिकॉर्ड और उसके निस्तारण की प्रक्रिया नियमों के अनुरूप थी या नहीं।

## फर्जी भर्ती और क्लेम का आरोप

सीबीआई जांच में आरोप सामने आए हैं कि ईसीएचएस योजना के तहत मरीजों को आवश्यकता से अधिक गंभीर दर्शाकर भर्ती किया जाता था। जांच में ऐसे मामलों की पड़ताल की जा रही है जिनमें मरीजों को इमरजेंसी, आईसीयू और वेंटिलेटर सुविधाओं की जरूरत बताकर अस्पताल में भर्ती किया गया। साथ ही चिकित्सा परीक्षणों और दस्तावेजों की सत्यता भी जांच के दायरे में है।

## प्रशासन ने दिए जांच के संकेत

पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी के अधिकारियों का कहना है कि यदि निर्धारित संख्या से अधिक बेड संचालित किए जाने और बायो मेडिकल वेस्ट नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो यह गंभीर मामला होगा। संबंधित तथ्यों की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उधर, ईसीएचएस घोटाले की जांच आगे बढ़ने के साथ ही निजी अस्पतालों के संचालन, निरीक्षण व्यवस्था और सरकारी पैनलों में शामिल करने की प्रक्रिया को लेकर नए सवाल लगातार सामने आ रहे हैं।

## ईसीएचएस पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया पर भी सवाल

सीबीआई अब इस पहलू की भी जांच कर रही है कि ईसीएचएस पैनल में अस्पताल को शामिल करने से पहले आवश्यक निरीक्षण और सत्यापन प्रक्रिया पूरी की गई थी या नहीं। यदि अस्पताल की वास्तविक क्षमता अनुमोदित क्षमता से कहीं अधिक थी, तो यह स्थिति लंबे समय तक संबंधित विभागों की नजर से कैसे ओझल रही।

# चंडीगढ़ के सेक्टर-26 शोरूम बेल्ट के पीछे सर्विस रोड और लाइटिंग व्यवस्था होगी दुरुस्त

## मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल सेक्टर-26 स्थित मध्य मार्ग शोरूम बेल्ट के पीछे की सर्विस रोड और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने मरम्मत और सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय व्यापारियों और शोरूम संचालकों द्वारा सड़क की जर्जर हालत को लेकर उठाई गई शिकायतों के बाद लिया गया।



नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल विंग के अधीक्षण अभियंताओं तथा संबंधित कार्यकारी अभियंताओं के साथ क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सर्विस रोड के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण टीम ने क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था, सड़क किनारे बरम के रखरखाव और आवागमन में बाधा बन रहे अवरोधों का भी जायजा लिया। मुख्य अभियंता ने संबंधित विभागों को सभी आवश्यक मरम्मत और रखरखाव कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए। नगर निगम के अनुसार तकनीकी मूल्यांकन के बाद सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत, पैचवर्क, सड़क को मजबूत बनाने तथा अन्य नागरिक सुविधाओं में सुधार का कार्य किया जाएगा। साथ ही कार्यों की नियमित निगरानी कर समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-26 की शोरूम बेल्ट में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहक और आगंतुक पहुंचते हैं। ऐसे में सड़क और प्रकाश व्यवस्था में सुधार से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र की समग्र शहरी सुविधाओं और व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर निगम ने दोहराया कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है।

# उपहार से मालवीय नगर तक: दिल्ली ने आग से सुरक्षा के सबक अब तक नहीं सीखे

उपहार सिनेमा त्रासदी के लगभग तीन दशक बाद जिसने लापरवाही और नियमों की अनदेखी के जानलेवा नतीजों को उजागर किया था। दिल्ली एक बार फिर आग की एक भयानक आपदा का सामना कर रही है। फिर भी, 1997 की उपहार त्रासदी के बाद से तकनीक में हुई प्रगति और कड़े नियमों के बावजूद, यह ताजा घटना एक परेशान करने वाला सवाल खड़ा करती है: क्या दिल्ली ने सचमुच अपने सबक सीख लिए हैं? तथ्य बेहद गंभीर हैं। बताया जा रहा है कि दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर में एक ऐसी इमारत में आग लगी, जिसमें एक रेस्टोरेंट और होटल चल रहा था। कुछ ही मिनटों में, धुएं ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे अंदर मौजूद लोग फंस गए। आपातकालीन टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं, लेकिन कई पीड़ितों के लिए मदद बहुत देर से पहुंची। उपहार सिनेमा त्रासदी के साथ इसकी समानताओं को नजरअंदाज करना मुश्किल है। 1997 में, एक सिनेमा हॉल में लगी आग के कारण 59 लोगों की जान चली गई थी; यह आग इसलिए जानलेवा साबित हुई थी क्योंकि बाहर निकलने के रास्ते बंद थे, आपातकालीन योजना की कमी थी और सुरक्षा में भारी चूक हुई थी। उस त्रासदी के बाद सुधार के वादे किए गए थे, इमारतों के लिए कड़े नियम बनाए गए थे और आग से सुरक्षा के नियमों को और मजबूत किया गया था। हालाँकि, मालवीय नगर की घटना से पता चलता है कि इन नियमों का पालन अभी भी ठीक से नहीं हो रहा है और इन्हें लागू करने में अक्सर ढिलाई बरती जाती है। आग लगने की दुर्घटनाएँ शायद ही कभी महज किस्मत का खेल होती हैं। ज्यादातर मामलों में, ये इंसानी लापरवाही का ही नतीजा होती हैं। बिजली की खराब वायरिंग, क्षमता से ज्यादा भीड़, बाहर निकलने के रास्तों का बंद होना, आग बुझाने वाले उपकरणों की कमी और नियमित रूप से सुरक्षा ऑडिट न करवाना ये सभी कमियाँ आज भी कई व्यावसायिक और रिहायशी इमारतों में मौजूद हैं। कई मामलों में, सुरक्षा प्रमाण पत्र तैयारी की गारंटी होने के बजाय, महज एक औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। मालवीय नगर की आग की घटना, अखबारों की एक और दुखद खबर से कहीं बढ़कर है। यह त्रासदी एक निर्णायक मोड़ साबित होनी चाहिए। आग से सुरक्षा के उपायों को सिर्फ.कागजी कार्रवाई और आपदा आने के बाद की जाने वाली समय-समय की जाँच-पड़ताल तक ही सीमित नहीं रखा जा सकता। हर होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, दफ़्तर और रिहायशी इमारत का नियमित रूप से सुरक्षा ऑडिट होना अनिवार्य है। आपातकालीन निकास हमेशा खुले और बाधा-मुक्त होने चाहिए, आग लगने पर बजने वाले अलार्म ठीक से काम करने चाहिए, और कर्मचारियों को लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रियाओं का उचित प्रशिक्षण मिला होना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे उस इमारत के मालिकों का रसूख या सामाजिक रुतबा कितना भी बड़ा क्यों न हो। यह एक कड़वी सच्चाई की याद दिलाता है कि जब तक नियमों को पूरी सख़्ती से लागू नहीं किया जाता, तब तक वे अकेले दम पर आपदाओं को नहीं रोक सकते। उपहार और मालवीय नगर—दोनों ही त्रासदियों के पीड़ितों को सच्ची श्रद्धांजलि, महज दुख जताने या मुआवजा देने से नहीं मिलेगी। बल्कि, सच्ची श्रद्धांजलि तब मानी जाएगी जब हम एक ऐसी व्यवस्था का निर्माण करेंगे, जिसमें मुनाफे से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, तब तक दिल्ली को बार-बार उन्हीं दर्दनाक सबकों को दोहराने का खतरा बना रहेगा और हर बार यह सबक आग की किसी नई घटना के रूप में सामने आएगा।



संदीप शर्मा, सम्पादक

## 5000 रुपये रिश्वत लेते निजी व्यक्ति को विजिलेंस ने रंगे हाथों दबोचा

चंडीगढ़/लुधियाना/यूटर्न/03 जून। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लुधियाना निवासी एक निजी व्यक्ति को 5000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सरबजीत सिंह उर्फ बिट्टू, निवासी हैबोवाल कलां, लुधियाना के रूप में हुई है।विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई न्यू बाबा दीप सिंह नगर निवासी एक शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके परिवार द्वारा खरीदी गई जमीन से जुड़े मामले में फर्जी रजिस्ट्री होने के कारण उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस मामले को सुलझाने और जमीन की रजिस्ट्री करवाने के नाम पर आरोपी ने अधिकारियों से सांठगांठ होने का दावा करते हुए कुल 3.50 लाख रुपये की मांग की थी।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

क्या Husband या Wife एक-दूसरे के खिलाफ FIR दर्ज करवा सकते हैं?


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक विवाद कई बार इतने बढ़ जाते हैं कि मामला पुलिस और FIR तक पहुंच जाता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या पति और पत्नी एक-दूसरे के खिलाफ FIR दर्ज करवा सकते हैं।

कानून के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के साथ ऐसा कार्य हुआ है जो आपराधिक अपराध (criminal offence) की श्रेणी में आता है, तो वह FIR दर्ज करवाने का अधिकार रखता है—चाहे वह पति हो या पत्नी। उदाहरण के तौर पर, cruelty, domestic violence, assault, criminal intimidation, cheating, misappropriation of Stridhan, या physical violence जैसे मामलों में शिकायत और FIR दर्ज हो सकती है।

इसी प्रकार, यदि पति यह आरोप लगाता है कि उसके खिलाफ false allegations लगाए गए हैं, blackmail किया जा रहा है, या कोई अन्य cognizable offence हुआ है, तो वह भी कानूनी कार्रवाई कर सकता है।

हालांकि, Family Dispute और Criminal Offence दोनों अलग बातें हैं। हर वैवाहिक विवाद अपने आप criminal case नहीं बनता। पुलिस और अदालत यह देखती हैं कि आरोपों में prima facie offence बनता है या नहीं। कई मामलों में mediation और settlement की भी कोशिश की जाती है, विशेष रूप से जब मामला purely matrimonial nature का हो। यह भी महत्वपूर्ण है कि FIR एक गंभीर कानूनी प्रक्रिया है। बिना पर्याप्त तथ्यों और समझ के जल्दबाजी में उठाया गया कदम लंबे कानूनी विवाद का कारण बन सकता है।

निष्कर्ष: पति और पत्नी दोनों कानून के तहत FIR दर्ज करवाने का अधिकार रखते हैं, लेकिन हर matrimonial dispute automatically criminal case नहीं बनता। तथ्य, evidence और परिस्थितियां सबसे महत्वपूर्ण होती हैं।

# अरोड़ा महासभा पंजाब ने की नई नियुक्तियां, श्वेता मलिक बनीं मोहाली जिला प्रधान





जीरकपुर/यूटर्न/03 जून। भगवान श्री आरूट जी महाराज के पावन प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य धार्मिक एवं सामाजिक समारोह के दौरान अरोड़ा महासभा पंजाब ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों, महिला सदस्यों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में अरोड़ा महासभा पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष कमल सेतिया तथा महिला विंग की प्रदेश प्रधान पूनम मानिक विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

उनके नेतृत्व में संगठन के विस्तार और महिला सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। इस अवसर पर श्वेता मलिक को अरोड़ा महासभा पंजाब का मोहाली जिला प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं पूजा अरोड़ा को जीरकपुर महिला प्रधान तथा दीप्ति अरोड़ा को उपप्रधान (वाइस प्रधान) की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष कमल सेतिया ने कहा कि अरोड़ा महासभा पंजाब समाज के उत्थान, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी।

महिला विंग की प्रदेश प्रधान पूनम मानिक ने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी देकर उन्हें सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। नवनियुक्त श्वेता मलिक, पूजा अरोड़ा और दीप्ति अरोड़ा ने संगठन के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भगवान श्री आरूट जी महाराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए समाज की सुख-समृद्धि, एकता और प्रगति की कामना के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्य, महिलाएं एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

## बीमारी की जड़: डॉक्टर नहीं, हमारा खाना

आजकल लोग अपनी सेहत सुधारने के लिए जिम बदल रहे हैं, नए-नए डॉक्टरों के पास जा रहे हैं और महंगी दवाइयों पर पैसा खर्च कर रहे हैं। लेकिन एक चीज है जिसे बदलने के बारे में वे सबसे कम सोचते हैं-अपना खाना। जबकि सच्चाई यह है कि अधिकांश बीमारियों की जड़ हमारी गलत खान-पान की आदतें हैं।

हम रोजाना तला-भुना भोजन, अत्यधिक चीनी, जंक फूड और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं। फिर जब मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप या हृदय रोग जैसी समस्याएँ पैदा होती हैं, तो हम डॉक्टर और जिम बदलने लगते हैं। लेकिन जब तक खाने की आदतें नहीं बदलेंगी, तब तक स्वास्थ्य में स्थायी सुधार संभव नहीं है। जिम शरीर को मजबूत बना सकता है और डॉक्टर बीमारी का इलाज कर सकते हैं, लेकिन गलत भोजन के कारण पैदा होने वाली समस्याओं को पूरी तरह समाप्त नहीं कर सकते। स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, ताजे फल, हरी सब्जियां, पर्याप्त पानी और प्राकृतिक भोजन को अपनाना आवश्यक है।

यदि लोग जिम और डॉक्टर बदलने के साथ-साथ अपना भोजन भी सुधार लें, तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इसलिए हमें यह समझना होगा कि स्वास्थ्य की असली शुरूआत हमारी थाली से होती है, न कि केवल दवाइयों या जिम से।

## गुग्गा माड़ी अमलाला में भंडारे का आयोजन, बलिहार सिंह बल्ली ने लंगर सेवा के लिए दिए 5100 रुपये



डेराबस्सी/यूटर्न/03 जून। गांव अमलाला स्थित गुग्गा माड़ी में रविवार को धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन भगत बाबा प्रिंस जी की अगुवाई में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता बलिहार सिंह बल्ली ने लंगर सेवा के लिए 5100 रुपये की राशि भेंट की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में योगदान देना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने गुग्गा माड़ी में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए परिसर में लगाई जा रही टाइलों की सेवा में भी सहयोग देने का भरोसा दिया।

भगत बाबा प्रिंस जी ने संगत और सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के सहयोग से ही धार्मिक स्थलों का रखरखाव और विकास संभव हो पाता है। उन्होंने सभी से समाज हित और धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में प्यारा सिंह, बूटा सिंह, राजिंदर पंडित, सुशील कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भंडारे के दौरान संगत के लिए लंगर का विशेष प्रबंध किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

## बम धमकी के बाद डेराबस्सी, मोहाली और खरड़ अदालतों में हाई अलर्ट, आम लोगों की एंट्री पर रोक




डेराबस्सी/यूटर्न/03 जून। एसएएस नगर सेशन डिवीजन को बम विस्फोट की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद मोहाली, खरड़ और डेराबस्सी अदालत परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की ओर से जारी आदेशों के अनुसार 3 जून से 5 जून तक अदालत परिसरों में आम लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस दौरान केवल मुकदमों से संबंधित पक्षकारों, वकीलों और आरोपियों को ही निर्धारित जांच के बाद प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

प्रशासन की ओर से सुरक्षा कर्मियों को अदालत परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन तलाशी लेने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पुलिस की ओर से अदालत परिसरों में लगातार सर्च ऑपरेशन और सुरक्षा जांच की जा रही है। पुलिस की क्लियरेंस मिलने के बाद ही अदालतों में नियमित न्यायिक कार्यवाही शुरू की जाएगी।

धमकी भरे ई-मेल के बाद पूरे सेशन डिवीजन में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

# 17 साल दिल्ली में बिताने के बाद बिट्टू की नजर पंजाब विधानसभा की भूमिका पर

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/03 जून। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि वह लगभग 17 साल संसद में बिताने के बाद अब सक्रिय राज्य राजनीति में लौटना चाहते हैं और पंजाब के लोगों के लिए सीधे तौर पर काम करना चाहते हैं।

मीडिया से बातचीत करते हुए बिट्टू ने कहा कि उन्होंने पिछले कई वर्षों में लोकसभा और राज्यसभा दोनों में सेवा दी है, लेकिन अब वह पंजाब में जमीनी स्तर पर योगदान देना चाहते हैं। उनकी यह टिप्पणी राज्यसभा कार्यकाल पूरा होने के तुरंत बाद आई है और इसे राज्य में होने वाले अगले विधानसभा चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब में पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व को संगठन को मजबूत करने और राज्य में ह्रडबल इंजन सरकारह्न बनाने की दिशा में काम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिट्टू ने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में उनका ध्यान पंजाब की राजनीति और राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर अधिक रहेगा। राजनीतिक हलकों में उनके इस बयान को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

मैं, पूरे वरिष्ठ नेतृत्व के साथ, अपना सामान पैक कर चुका हूं और उसे अपने वाहनों में रख



चुका हूं। अब हम पंजाब भर में यात्रा करने और लोगों के बीच काम करने के लिए तैयार हैं, बिट्टू ने कहा। इससे संकेत मिलता है कि उन्होंने राज्य में जमीनी स्तर पर राजनीतिक पहुंच अभियान पहले ही शुरू कर दिया है।

भारतीय जनता पार्टी की संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए, बिट्टू ने कहा कि वह पंजाब में भाजपा की सरकार स्थापित करने में मदद करना चाहते हैं और राज्य के विकास में योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के साथ पंजाब प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके चुनावी भविष्य से संबंधित कोई भी निर्णय पार्टी नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपना विश्वास दोहराते हुए, बिट्टू ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित संगठन के रूप में कार्य करती है, जहां सभी नेता पार्टी के निदेशों के अनुसार काम करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमारे नेता हैं और पूरी टीम उनके मार्गदर्शन में काम करती है। पार्टी हमें जो भी जिम्मेदारी या दिशा देती है, हम उसका पालन करते हैं, बिट्टू के इस बयान के बाद यह अटकलें तेज हो गई हैं कि वह लुधियाना से विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इस क्षेत्र से वह पहले सांसद के रूप में जनता का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और आज भी उनकी राजनीतिक पकड़ मजबूत मानी जाती है। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष विधानसभा क्षेत्र का नाम लेने से परहेज किया और कहा कि उनकी भविष्य की भूमिका को लेकर पार्टी जो भी फैसला करेगी, वह उसे स्वीकार करेंगे।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनके इस बयान से संकेत मिलता है कि भाजपा नेतृत्व पंजाब की राजनीति पर पहले से अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए पार्टी राज्य में अपने जनाधार और राजनीतिक प्रभाव को बढ़ाने के प्रयास तेज कर रही है।

लुधियाना नार्थ ओर पच्छिम सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा

पिछले कुछ दिनो से रवनीत बिट्टू के नाम से गली मुहल्लो में यह चर्चा आम सुन्ने को मिल रही है की बिट्टू हल्का नार्थ या हल्का पच्छिम से चुनाव लडते है तो पच्छिम उनके लिए ज्यादा से होगा क्योकि यहा पर भाजपा का अच्छी पकड़ है।

# उत्तर भारत इंडिया का पहला समर्पित हर्निया संस्थान लुधियाना में आरंभ




लुधियाना/यूटर्न/3 जून। शहर के सिविल लाइंस स्थित बावा हॉस्पिटल में आज दि हर्निया इंस्टीट्यूट का औपचारिक शुभारंभ किया गया है। यह उत्तर भारत का पहला ऐसा विशेष संस्थान है, जो पूरी तरह हर्निया और एब्डोमिनल वॉल रिकंस्ट्रक्शन (पेट की दीवार के पुनर्निर्माण) के उपचार के लिए समर्पित है। संस्थान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित विशेषज्ञ सर्जनों की टीम बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी आयु और वर्ग के मरीजों के लिए हर्निया के आधुनिक उपचार उपलब्ध कराएगी। यहां इंगुइनल, वेंट्रल, इंसिजनल, अम्बिलिकल, हाइटल, फेमोरल, रिकरेंट, कॉम्प्लेक्स, पीडियाट्रिक और स्पोर्ट्स हर्निया सहित जटिल एब्डोमिनल वॉल रिकंस्ट्रक्शन का उपचार किया जाएगा। संस्थान के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. अश्विंद बावा ने कहा कि भारत में हर्निया सबसे आम सर्जिकल बीमारियों में से एक है, लेकिन अब तक ऐसा कोई केंद्र नहीं था जो पूरी तरह इसी रोग के उपचार पर केंद्रित हो। उन्होंने कहा कि यहां मरीजों की दीर्घकालिक निगरानी, उपचार के परिणामों का रिकॉर्ड और सर्जरी से पहले सभी खर्चों की लिखित जानकारी प्रदान की जाएगी। डॉ. अश्विंद बावा में दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच), लुधियाना में सर्जरी विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं यूनिट हेड रह चुके हैं।

# दिल्ली के होटल में लगी आग, 21 लोगों की मौत, 18 विदेशी नागरिक शामिल

चंडीगढ़/यूटर्न/3 जून। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में एक होटल में बुधवार सुबह भीषण आग लगने से 21 लोगों की जान चली गई। मरने वालों में ज्यादातर विदेशी नागरिक थे। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, आग में मारे गए 21 लोगों में से 18 विदेशी नागरिक थे। इनमें से ज्यादातर लाइबेरिया, नाइजीरिया, मोजाम्बिक और बांग्लादेश के नागरिक थे। अधिकारी सभी पीड़ितों की पहचान करने और उनके संबंधित दूतावासों और परिवारों को सूचित करने का काम कर रहे हैं। दक्षिण दिल्ली के जॉइंट सीपी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस मारे गए विदेशी नागरिकों के दूतावासों के संपर्क में है। उन्होंने कहा, हम उनकी पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। घटनास्थल पर मिले ज्यादातर दस्तावेज जल चुके हैं। हौजरानी में लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट और होटल की इमारत में सुबह करीब 8:50 बजे आग लगी। घटना की जानकारी मिलते ही



## सबसे बड़ी त्रासदी बनकर उभरा मामला

पुलिस ने बताया कि घायल लोगों को इमारत से निकालकर इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर उनकी हालत पर नजर रखे हुए हैं। बचाव टीमों ने अभियान के दौरान इमारत में मौजूद कई अन्य लोगों को भी सुरक्षित बाहर निकाला। यह त्रासदी हाल के वर्षों में राष्ट्रीय राजधानी में सामने आई सबसे घातक आग की घटनाओं में से एक है। इसने एक बार फिर घनी आबादी वाले इलाकों में चल रहे कमर्शियल संस्थानों में सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर चिंताओं की ओर ध्यान खींचा है।

आपातकालीन सेवाएँ तुरंत घटनास्थल पर पहुँचीं और बचाव अभियान शुरू कर दिया।

# सफाई करने वाली महिला ने घर से लाखों के गहने और मोबाइल चुराया, सीसीटीवी से हुआ खुलासा



लुधियाना/यूटर्न/3 जून। सलेम टाबरी में एक नौकरानी ने मालिक के घर में सोने के गहने और कीमती आईफोन चोरी कर लिया। शक पड़ने पर जब परिवार ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो मामले का खुलासा हुआ। घर से सोने की चेन, सोने का सेट, दो सोने की चूड़ियां, एक सोने का कड़ा, सोने के कांटे, सोने की अंगूठी, चेन, टॉप्स, टिक्का, दो कड़े और एक मोबाइल चोरी किया गया। थाना सलेम टाबरी की पुलिस ने अमरिंदर सिंह ग्रेवाल की शिकायत पर ज्योति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता अमरिंदर सिंह ग्रेवाल ने बताया कि आरोपी महिला ज्योति उनके घर पर चार साल से साफ सफाई का काम करती है। वह 17 अप्रैल को रोजाना की तरह घर में सफाई का काम करके चली गई। शाम करीब 7 बजे परिवार को पता चला कि उनकी बेटी के हाथ में पहना करीब 5 ग्राम वजन का सोने का कड़ा गायब है। इसके बाद घर में लगे सीसीटीवी की जांच की गई, जिसमें ज्योति पर शक गहरा गया। परिवार ने जब घर की अलमारियां चेक कीं तो कई कीमती सामान गायब मिले।

Uturn Time 04 June 2026_Layout 2 03-06-2026 22:46 Page 8



# केवल सिंह ढिल्लों ने संभाली पंजाब भाजपा की कमान, 'महाराजा रणजीत सिंह वाला पंजाब' बनाने का संकल्प

## भाजपा ने 2027 में सत्ता परिवर्तन का भरा दम, जाखड़ ने साधा जाति-धर्म की राजनीति पर निशाना

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। पंजाब भाजपा ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपना राजनीतिक एजेंडा स्पष्ट करते हुए महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल को पंजाब के लिए आदर्श मॉडल बताया है। पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित प्रदेश मुख्यालय में पदभार ग्रहण किया और पंजाब में खुशहाली, भाईचारे, सुशासन तथा विकास आधारित राजनीति का संकल्प दोहराया।

सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा मुख्यालय में आयोजित भव्य समारोह में केवल सिंह ढिल्लों ने अपने कार्यालय में महाराजा रणजीत सिंह का चित्र स्थापित कर एक बड़ा राजनीतिक और सांस्कृतिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा उसी पंजाब के निर्माण के लिए कार्य करेगी जहां हर नागरिक सुरक्षित, सम्मानित और समृद्ध हो।

पदभार ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में ढिल्लों ने कहा, 'महाराजा रणजीत सिंह का पंजाब ऐसा पंजाब था जहां किसान समृद्ध थे, सभी धर्मों को समान सम्मान प्राप्त था और लोग भयमुक्त जीवन जीते थे। भाजपा उसी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।'

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ह के मंत्र को दोहराते हुए कहा कि भाजपा पंजाब में सभी वर्गों का विश्वास जीतकर विकास और सुशासन का नया अध्याय लिखेगी। ढिल्लों ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आई सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है।






### भाजपा का नया चुनावी नारा: 'ना आपदा, ना कांपदा, पंजाब मांगदा भाजपा'

कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कार्यकताओं को नया राजनीतिक नारा देते हुए कहा, 'ना आपदा, ना कांपदा, पंजाब मांगदा भाजपा।' उन्होंने दावा किया कि पंजाब की जनता नशे, गैंगस्टरवाद और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है और भाजपा ही इसका विकल्प बनकर उभरेगी। तरुण चुघ ने कहा कि 2027 में भाजपा महाराजा रणजीत सिंह के सुशासन से प्रेरित सरकार देगी और पंजाब को विकास, सुरक्षा तथा सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आज से ही आम आदमी पार्टी की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

### जाखड़ बोले- धर्म और जाति की राजनीति से पंजाब को नुकसान

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ने पंजाब की एकता और भाईचारे के लिए हमेशा त्याग और बलिदान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिंदू-सिख एकता को मजबूत करने के लिए वर्षों तक क्षेत्रीय सहयोगी की भूमिका निभाई, लेकिन कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। बिना किसी दल का नाम लिए जाखड़ ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हैं, लेकिन राजनीति धर्म और जाति के आधार पर करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी राजनीति पंजाब को बांटने का काम कर रही है, जबकि भाजपा सामाजिक सौहार्द और एकता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भाजपा नेताओं ने किया सत्ता परिवर्तन का दावा

पंजाब भाजपा के सह-प्रभारी नरेंद्र सिंह रैना ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा पंजाब में सरकार बनाएगी और राज्य को विकास का नया मॉडल देगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अश्वनी शर्मा ने कहा कि पंजाब की जनता नशे, गैंगस्टरवाद, भ्रष्टाचार और झूठे वादों से परेशान है तथा अब बदलाव चाहती है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।



### *भाजपा का नया प्रतीक बने महाराजा रणजीत सिंह*

*पदभार ग्रहण समारोह का सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित क्षण केवल सिंह ढिल्लों द्वारा अपने कार्यालय में महाराजा रणजीत सिंह का चित्र स्थापित करना रहा। भाजपा नेताओं ने इसे पंजाब की ऐतिहासिक विरासत, सांप्रदायिक सद्भाव और सुशासन के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। ढिल्लों ने कहा कि यह केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं बल्कि उस संकल्प की शुरूआत है जिसके तहत पंजाब में फिर से वही खुशहाली, गौरव और सामाजिक एकता स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा जो महाराजा रणजीत सिंह के शासनकाल की पहचान थी।*

### बड़े नेताओं की मौजूदगी बनी चर्चा का केंद्र

समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र सिंह रैना, संसदीय बोर्ड सदस्य इकबाल सिंह लालपुरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, विजय सांपला, श्वेत मलिक, राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू और डॉ. अशोक मित्तल सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि राजनीतिक विषयों को अनावश्यक विवाद का रूप नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद बीबी परनीत कौर और जैइंदर कौर का विशेष उल्लेख किया।

### अरदास और मंत्रोच्चारण के साथ हुई नई शुरुआत

केवल सिंह ढिल्लों ने अपने कार्यकाल की शुरूआत धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप की। पदभार ग्रहण करने से पहले उनके कार्यालय में अरदास करवाई गई और उसके बाद हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार मंत्रोच्चारण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने ढिल्लों को लड्डू खिलाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर और शुभकामनाएं देकर उनके नए दायित्व के लिए बधाई दी।

# पंछी ने लोगों से वाहन-मुक्त बुधवार अभियान में भाग लेने की अपील की



चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेक्टर-17 के अध्यक्ष एवं एडमिनिस्ट्रेटर एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य श्री कमलजीत सिंह पंछी ने वाहन-मुक्त बुधवार अभियान के समर्थन में आज अपने निवास स्थान से अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान तक इलेक्ट्रिक स्कूटर से आने-जाने का निर्णय लिया है। श्री पंछी ने कहा कि उन्हें इस पहल की प्रेरणा भारत के माननीय प्रधानमंत्री एवं पंजाब के माननीय राज्यपाल-सह-प्रशासक, यू.टी. चंडीगढ़ के आह्वान और दूरदर्शी सोच से मिली है, जो नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के सभी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे वाहन-मुक्त बुधवार अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और चंडीगढ़ को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण-मुक्त शहर बनाने में अपना योगदान दें। पंछी ने आगे कहा कि प्रत्येक नागरिक को सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने निजी वाहन का उपयोग न करने का संकल्प लेना चाहिए तथा पैदल चलने, साइकिल चलाने, सार्वजनिक परिवहन अथवा इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे विकल्पों को अपनाना चाहिए। इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास पेट्रोल एवं डीजल की बचत, वायु प्रदूषण में कमी, यातायात के दबाव को कम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

Uturn Time 04 June 2026_Layout 2 03-06-2026 22:46 Page 9



# अवैध निमार्णों पर नगर परिषद का एक्शन, केसी कॉलोनी में चला पीला पंजा

## पार्क और एसटीपी के लिए आरक्षित भूमि पर बन रही इमारत गिराई, नियमों की अनदेखी करने वाले बिल्डरों पर होगी कानूनी कार्रवाई

जीरकपुर/यूटर्न/03 जून। जीरकपुर शहर में तेजी से बढ़ रहे अवैध निमार्णों पर अंकुश लगाने के लिए नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। शहर की विभिन्न कॉलोनियों में नियमों की अनदेखी कर किए जा रहे अवैध निमार्णों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को नगर परिषद की टीम ने दयालपुरा स्थित केसी कॉलोनी में बड़ी कार्रवाई की।





नगर परिषद अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से एक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित निर्माण पार्क और एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) के लिए आरक्षित भूमि पर किया जा रहा था, जो नगर नियोजन नियमों के विपरीत है। निर्माणकर्ता को पहले भी नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रखा गया। अधिकारियों के अनुसार शहर की कई कॉलोनियों में कुछ बिल्डरों द्वारा पार्क, ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए आरक्षित भूमि को कथित रूप से प्लॉटों या व्यावसायिक स्थलों के रूप में बेच दिया जाता है। बाद में इन स्थानों पर अवैध रूप से निर्माण कर दिया जाता है, जिससे शहरी नियोजन प्रभावित होता है और भविष्य में स्थानीय निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले बिल्डरों और संपत्ति मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ अवैध निमार्णों को भी ध्वस्त किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों में हड़कंप मच गया है। वहीं स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद की कार्रवाई का स्वागत करते हुए शहर में चल रहे अन्य अवैध निमार्णों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने की मांग की है। नगर परिषद ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी ऐसे निरीक्षण और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# सीवरेज संकट से जूझ रहा जीरकपुर, ठेकेदार पर फोन न उठाने के आरोप

## ओवरफ्लो से गलियों में गंदा पानी, दूषित पेयजल और बीमारियों का बढ़ा खतरा

मेजर अली

जीरकपुर/यूटर्न/03 जून। जीरकपुर में सीवरेज व्यवस्था चरमराने लगी है। हर मिलाप नगर, सैनी विहार फेज-2, स्काई एनक्लेव, सिंहपुरा, दयालपुरा और वार्ड नंबर-30 सहित कई इलाकों में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। गलियों में बहता गंदा पानी, घरों के बाहर जमा सीवरेज और फैलती दुर्गंध के कारण स्थानीय निवासी परेशान हैं। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद संबंधित ठेकेदार फोन तक नहीं उठा रहा, जिससे समस्या और गंभीर होती जा रही है।





निवासियों का कहना है कि सीवरेज संकट अब केवल सफाई व्यवस्था का मामला नहीं रह गया, बल्कि यह सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा बन चुका है। उनका आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के लिए कई बार संपर्क करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार उपलब्ध नहीं होते। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई इलाकों में लंबे समय से सीवरेज का पानी जमा रहने के कारण मच्छरों और मक्खियों की संख्या बढ़ गई है। लोगों को डर है कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा और बढ़ सकता है।

स्काई एनक्लेव के निवासी दीपक दरेजा, सुमन रानी, कृष्ण कुमार, हरजिंदर शर्मा, संदीप कुमार, भीम सेन गुप्ता, शशि बाला और शकुंतला देवी ने बताया कि पेयजल की गुणवत्ता भी चिंता का विषय बन चुकी है। उनका कहना है कि पानी में कई बार दुर्गंध आती है और उसका रंग भी सामान्य नहीं होता, जिससे लोगों में स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ रही हैं। जानकारी के अनुसार नगर परिषद ने सीवरेज सफाई का कार्य जिला स्तर पर नियुक्त जेंटिक कंपनी को सौंप रखा है। हालांकि जमीनी स्तर पर हालात सुधरते नजर नहीं आ रहे। लोगों का कहना है कि नए ठेकेदार को अभी शहर के सीवरेज नेटवर्क की पूरी जानकारी नहीं है, जिसका असर व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है।

हर मिलाप नगर के निवासियों का कहना है कि यह क्षेत्र उस मुख्य लाइन पर स्थित है जहां से सीवरेज सिंहपुरा स्थित एसटीपी तक पहुंचता है। यदि मुख्य मार्ग पर ही व्यवस्था बार-बार फेल हो रही है तो शहर के अन्य क्षेत्रों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। नगर परिषद की उप मंडल अधिकारी साक्षी जिंदल ने कहा कि उनके पास जो भी शिकायतें पहुंच रही हैं, उनका निपटारा करवाया जा रहा है और संबंधित टीमों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। वहीं शहरवासियों का कहना है कि अब उन्हें आश्वासनों नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर स्थायी समाधान का इंतजार है।

### लोगों के कोट्स

- दीपक दरेजा, निवासी स्काई एनक्लेव रसीवरेज का गंदा पानी कई दिनों से गलियों में जमा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। सबसे बड़ी समस्या यह है कि संबंधित ठेकेदार फोन तक नहीं उठाता।
- सुमन रानी, निवासी स्काई एनक्लेव रघर के बाहर फैली गंदगी और बदबू के कारण रहना मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ रही है।
- कृष्ण कुमार, निवासी स्काई एनक्लेव रजब जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों से संपर्क ही नहीं हो पाता तो लोगों की समस्याएं कैसे हल होंगी। प्रशासन को जवाबदेही तय करनी चाहिए।
- हरजिंदर शर्मा, निवासी स्काई एनक्लेव रबरसात शुरू होने वाली है। यदि अभी सीवरेज व्यवस्था नहीं सुधरी तो हालात और खराब होंगे और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा।
- संदीप कुमार, निवासी स्काई एनक्लेव रसीवरेज ओवरफ्लो के कारण सड़कें और गलियां गंदे पानी से भर जाती हैं। आने-जाने में परेशानी होती है और दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है।

# प्रेस क्लब जीरकपुर 8004 की नई कार्यकारिणी गठित, बलविंदर वर्मा (विक्की) बने प्रधान

- पत्रकारों के हितों की रक्षा और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प, पूर्व प्रधान मनिंदर सिंह का सम्मान



जीरकपुर/यूटर्न/03 जून। प्रेस क्लब जीरकपुर 8004 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से कर दिया गया है। क्लब की विशेष बैठक में वरिष्ठ पत्रकार बलविंदर वर्मा (विक्की) को नया प्रधान चुना गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नव-निर्वाचित प्रधान बलविंदर वर्मा ने कहा कि वह सभी सदस्यों को साथ लेकर प्रेस क्लब को नई दिशा देने और इसे अधिक सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान और सुरक्षा को सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय या दुर्व्यवहार की स्थिति में प्रेस क्लब मजबूती से उसके साथ खड़ा रहेगा और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मनिंदर सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रेस क्लब ने संगठनात्मक मजबूती और पत्रकार हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिनका लाभ पूरे पत्रकार समुदाय को मिला। बैठक में संगठन की गरिमा और अनुशासन बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। नई कार्यकारिणी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई सदस्य क्लब की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों या किसी अवैध कार्य में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने तथा पत्रकारों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। नई टीम के गठन से क्लब सदस्यों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मामला दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/03 जून। भबात क्षेत्र की एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह नौकरी करती हैं। 30 मई को सुबह वह अपनी ड्यूटी पर गई थीं। शाम को घर लौटने पर उनकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। महिला का आरोप है कि उनकी बेटी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। शिकायत के आधार पर जीरकपुर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किशोरी की तलाश के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोरी का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

Uturn Time 04 June 2026_Layout 2 03-06-2026 22:46 Page 10



# राशन सब्सिडी जारी रखने के लिए मोबाइल ऐप डाउनलोड करना अनिवार्य, प्रशासन ने लगाए विशेष कैंप

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। राशन कार्ड धारकों को राशन सब्सिडी का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे, इसके लिए चंडीगढ़ प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि केंद्र सरकार की नई व्यवस्था के तहत राशन सब्सिडी अब मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए लाभार्थियों को निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर मोबाइल ऐप



डाउनलोड और सक्रिय करना अनिवार्य होगा। इस उद्देश्य से 3 जून से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। ये कैंप विकास नगर (मौली जागरां), मलोया, सेक्टर-25, रामलीला ग्राउंड बुरैल, कजहेड़ी, हल्लो माजरा, खुड्डा अलीशेर, सेक्टर-32, 40, 41, 42, 56 तथा मनीमाजरा स्थित सामुदायिक केंद्रों में आयोजित किए जा रहे हैं।

# रामदरबार में पेड पार्किंग के विरोध में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। रामदरबार में लागू की गई पेड पार्किंग व्यवस्था के विरोध में मंगलवार को वार्ड नंबर-19 रामदरबार की कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त और उपायुक्त से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में पेड पार्किंग को हटाने की मांग करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव बिरेन्द्र रॉय, ओम पाल चौटाला, विनोद कुमार, सुनील कुमार, प्रथम सिंह और शेरी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को बताया कि रामदरबार के निवासी पेड पार्किंग व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं और इससे स्थानीय लोगों



को अनावश्यक आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है। सोनिया गुरचरण सिंह ने कहा कि रामदरबार एक पुनर्वास कॉलोनी है, जहां बड़ी संख्या में मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवार रहते हैं। ऐसे में पेड पार्किंग लागू करना लोगों के हित में नहीं है। उन्होंने मांग की कि इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसे तत्काल वापस लिया जाए। नगर निगम अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को आगामी बैठक में रखा जाएगा और क्षेत्रवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि सभी पक्षों की राय लेने के बाद ही अंतिम फैसला किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि नगर निगम जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए पेड पार्किंग व्यवस्था को समाप्त करेगा।

# 4 लाख से अधिक लोग जुड़े 'योग 365' अभियान से, आयुष मंत्रालय और हैबिल्ड की नई पहल

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। योग को जन-जन तक पहुंचाने और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (MDNIY), आयुष मंत्रालय और हैबिल्ड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (MoU) किया गया है। इस साझेदारी के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले देशव्यापी डिजिटल अभियान योग 365 शुरू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को लगातार 100 दिनों तक योग करने के लिए



प्रेरित करना है, ताकि योग केवल एक गतिविधि न रहकर रोजमर्रा की आदत बन सके। मार्च 2026 में शुरू हुए इस अभियान से अब तक 130 से अधिक देशों और भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 4 लाख से ज्यादा लोग जुड़ चुके हैं। अभियान के तहत प्रतिभागियों को सरल और प्रभावी योग अभ्यास ऑनलाइन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन सत्रों का संचालन हैबिल्ड के सह-संस्थापक और योग प्रशिक्षक सौरभ बोथरा कर रहे हैं। उनका मानना है कि योग का वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब इसे नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाए। आयुष मंत्रालय और हैबिल्ड की यह पहल डिजिटल माध्यम से योग को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश में निवारक स्वास्थ्य देखभाल (Preventive Healthcare) की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# मनीमाजरा में हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी गिरफ्तार, वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। मनीमाजरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी नदीम उर्फ नड्डू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 20 मई को दोपहर करीब 2:55 बजे मनीमाजरा कॉम्प्लेक्स के गेट नंबर-3 के पास चाकूबाजी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल युवकों को सिविल अस्पताल मनीमाजरा ले जाया गया है, जहां से उन्हें उपचार के लिए जीएमसीएच-32 रेफर कर दिया गया। जांच के दौरान घायल युवकों के पिता मोहम्मद असगर ने बताया कि उनके बेटे शादाब और ओसामा ठाकुर द्वारा स्थित आराम जनरल स्टोर पर मौजूद थे।

# विश्व साइकिल दिवस पर माय भारत चंडीगढ़ ने निकाली साइकिल रैली



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर माय भारत चंडीगढ़ ने प्रसंचेतस फाउंडेशन के सहयोग से मंगलवार को साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली में 38 युवा स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेक्टर-38 सी मार्केट से माय भारत कार्यालय, सेक्टर-12 तक साइकिल यात्रा कर फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली का उद्देश्य साइकिल को एक स्वस्थ, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन साधन के रूप में बढ़ावा देना तथा युवाओं को सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को नियमित रूप से साइकिल चलाने के लाभों के प्रति जागरूक किया और सतत जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान माय भारत चंडीगढ़ के अधिकारियों ने कहा कि साइकिल न केवल बेहतर स्वास्थ्य का माध्यम है, बल्कि प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने युवाओं से दैनिक जीवन में साइकिल के अधिक उपयोग की अपील की। माय भारत चंडीगढ़ के प्रतिनिधि विनय कुमार ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत द्वारा विश्व साइकिल दिवस देश के सभी जिलों में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य 'फिट इंडिया' अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और युवाओं को शारीरिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है। रैली में शामिल स्वयंसेवकों ने अपने दैनिक जीवन में साइकिल को अपनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि स्वस्थ, फिट और हरित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की गई तथा आयोजन को सफल बनाने में प्रसंचेतस फाउंडेशन द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# चंडीगढ़ प्रशासन ने एडवोकेट अवनीत को हाईकोर्ट में अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त किया

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। चंडीगढ़ प्रशासन ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में प्रशासन से संबंधित आपराधिक मामलों की पैरवी और अभियोजन के लिए एडवोकेट अवनीत को अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त किया है। यूटी प्रशासक द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से परामर्श के बाद जारी आदेशों के अनुसार अवनीत हाईकोर्ट में चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से आपराधिक मामलों में पैरवी करेंगी। नियुक्ति की शर्तों के तहत वह चंडीगढ़ प्रशासन के खिलाफ



किसी भी न्यायालय में कोई मुकदमा या ब्रीफ स्वीकार नहीं कर सकेंगी तथा उन्हें यह भी शपथपत्र देना होगा कि उनके खिलाफ किसी भी अदालत या कानूनी प्राधिकरण के समक्ष कोई आपराधिक मामला दर्ज या लंबित नहीं है। इसके अलावा उन्हें प्रशासन द्वारा सौंपे गए मामलों में कानूनी प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ आवश्यक कानूनी राय भी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के देनी होगी। उन्हें प्रशासन द्वारा निर्धारित मानदेय के अनुसार फीस का भुगतान किया जाएगा। विधि विभाग की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति की समीक्षा प्रतिवर्ष की जाएगी। इस संबंध में आदेशों की प्रतियां पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, यूटी चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई हैं।

# पंजाब के प्राइवेट स्कूलों पर सरकार का एक्शन, फीस बढ़ोतरी की लिमिट तय, 3 सालों में ली एक्स्ट्रा फीस वापस करनी होगी

## स्कूल न मानें तो पेरेंट्स सीएम पोर्टल पर कर सकते हैं शिकायत

पंजाब/यूटर्न/3 जून। पंजाब सरकार ने प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों पर लगाम लगाने की तैयारी की है। बुधवार को चंडीगढ़ में सीएम हाउस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि प्राइवेट स्कूल अब मनमाने ढंग से फीस नहीं बढ़ा पाएंगे। साथ ही पेरेंट्स को किसी विशेष दुकान से किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए मजबूर भी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार कानून लेकर आ रही है, जिसके तहत अब प्राइवेट स्कूल साल में ज्यादा से ज्यादा 5 फीसदी फीस ही बढ़ा पाएंगे। इतना ही नहीं, जिन स्कूलों ने पिछले 3 सालों में 15 फीसदी से अधिक फीस बढ़ाई है, उन्हें अतिरिक्त फीस पेरेंट्स को वापस भी करनी पड़ेगी। सीएम मान ने बताया कि इसके लिए सरकार सख्त कानून लेकर आएगी, जो आगामी विधानसभा सत्र में पारित किया जाएगा। यह नियम सभी तरह की फीस पर लागू होगा। कैप्टन सरकार की ओर से लाए गए कानून को कैंसिल करेंगे। फीस न भर पाने की वजह से अमृतसर में 12वीं की छात्रा के सुसाइड के बाद सरकार ने यह फैसला लिया है।



### सीएम पोर्टल पर कर सकते हैं शिकायत

वहीं पंजाब सरकार के इन आदेशों को पूरे पंजाब में लागू किया जा रहा है। ऐसे में ज्यादातर स्कूल इन आदेशों को मानने से इंकार करेंगें। ऐसे में अगर कोई स्कूल मानने से इंकार करता है तो पेरेंट्स इस संबंधी सीएम पंजाब के ऑनलाइन पोर्टल पर स्कूल की शिकायत भी कर सकते हैं।

### सभी स्कूलों पर लागू होगा कानून

सीएम मान ने कहा कि फीस बढ़ोतरी संबंधी जो भी शिकायतें अब तक डीईओ कार्यालय में आई हैं, उनकी जांच होगी। खामियां पाए जाने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि स्कूल किसी एक विशेष दुकान से बच्चों के लिए किताबें और ड्रेस खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर नहीं कर पाएंगे। उन्हें इससे संबंधित सारी जानकारी पहले साझा करनी होगी। सीएम ने कहा कि हम जो कानून लेकर आ रहे हैं, वह पंजाब में सारे स्कूल, जिसमें नेशनल व इंटरनेशनल स्कूल हैं, उन पर भी लागू होंगे। एक-दो दिनों में इस संबंधी ऑर्डिनेंस आ जाएगा। उसके बाद मानसून सेशन में इस बारे में कानून लाया जाएगा।

# केवल सिंह ढिल्लों के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर चंद्रमा मिश्रा ने दी बधाई

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। भाजपा पंजाब पूर्वाचल प्रकोष्ठ के सह-संयोजक चंद्रमा मिश्रा ने पंजाब भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि ढिल्लों के नेतृत्व में पंजाब भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी का जनाधार प्रदेशभर में तेजी से बढ़ेगा। चंद्रमा मिश्रा ने कहा कि केवल सिंह ढिल्लों एक अनुभवी और जमीनी नेता हैं, जिनके नेतृत्व में भाजपा आगामी विधानसभा चुनावों में मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी।

# नयनतारा के अंदाज ने फिर बटोरी सुर्खियां




साउथ की लेडी सुपरस्टार नयनतारा की नई तस्वीर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। सफेद आउटफिट में उनका कॉन्फिडेंट और ग्लैमरस लुक फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि अभिनेत्री जल्द ही एक बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा कर सकती हैं। तस्वीर पर लाखों लाइक्स और कमेंट्स की बरसात हो रही है, वहीं फैंस उनके स्टाइल की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक बार फिर नयनतारा ने साबित कर दिया कि सादगी और स्टारडम का परफेक्ट मेल उन्हें सबसे अलग बनाता है।

# ई-वेस्ट संग्रहण अभियान के अंतर्गत 1500 किलोग्राम इलेक्ट्रॉनिक कचरा वैज्ञानिक रिसाइक्लिंग हेतु भेजा गया: आशिका जैन

## 31 निजी स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और जागरूक नागरिकों के सहयोग से चला अभियान

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर//यूटर्न/03 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर जिला प्रशासन, रेडक्रॉस सोसायटी तथा बियॉन्ड द 'आई' ट्रस्ट फाउंडेशन के संयुक्त प्रयासों से चलाए गए जिला स्तरीय ई-वेस्ट कलेक्शन अभियान के तहत लगभग 1500 किलोग्राम इलेक्ट्रॉनिक कचरा एकत्रित कर अधिकृत रिसाइक्लर को वैज्ञानिक तरीके से रिसाइक्लिंग के लिए भेजा गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि बियॉन्ड द 'आई' ट्रस्ट फाउंडेशन और जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 'चढ़दा सूरज' अभियान के अंतर्गत ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर एक अत्यंत सराहनीय पहल की गई है।



# विश्व साइकिल दिवस पर फीको ने निकाली 35 किलोमीटर साइकिल रैली

लुधियाना/यूटर्न/03 जून। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाइजेशन (फीको) ने मंगलवार को पखोवाल रोड स्थित बॉम्बे साइकिल स्टोर में विश्व साइकिल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर फीको और लुधियाना जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के सहयोग से 35 किलोमीटर लंबी साइकिल रैली आयोजित की गई, जिसमें 70 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बॉम्बे साइकिल स्टोर के मालिक जसमन प्रीत सिंह, फीको के प्रधान गुरमीत




सिंह कुलार, मीडिया सलाहकार मनदीप चौधरी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने केक काटकर विश्व साइकिल दिवस का जश्न मनाया। जसमन प्रीत सिंह ने कहा कि साइकिलिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अगले वर्ष विश्व साइकिल दिवस पर 100 किलोमीटर लंबी राइड आयोजित की जाएगी। फीको प्रधान गुरमीत सिंह कुलार ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2018 से विश्व साइकिल दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण अनुकूल परिवहन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि साइकिल प्रदूषण मुक्त, किफायती और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक साधन है।

Uturn Time 04 June 2026_Layout 2 03-06-2026 22:46 Page 12



# सुखबीर बादल ने 55 विधानसभा हलकों में महिला अकाली दल प्रधान नियुक्त किए, संगठन विस्तार तेज

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए शिरोमणि अकाली दल ने महिला विंग में बड़े स्तर पर नियुक्तियां की हैं। पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने महिला अकाली दल की अध्यक्ष बीबी हरगोबिंद कौर के साथ विचार-विमर्श के बाद राज्य के 55 विधानसभा हलकों में महिला अकाली दल की हलका प्रधानों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है।

पार्टी नेतृत्व का कहना है कि यह कदम जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। पार्टी के मुख्य कार्यालय से जारी सूची के अनुसार 55 विधानसभा हलकों की हलका प्रधान नियुक्त किया गया है, उनमें हलका अटारी (एससी) से बीबी वरिंदर कौर भकना कलां को नियुक्त किया गया है।



## अमृतसर के विभिन्न हलकों में हुई नियुक्तियां

इसके अलावा, हलका बाबा बकाला (एससी) से बीबी रणजीत कौर रईया, हलका अमृतसर पश्चिमी (एससी) से बीबी संदीप कौर रंधावा, हलका रामपुरा फूल से बीबी गुरविंदर कौर भगता, हलका मौड़ से बीबी हरबंस कौर मौड़ कलां, हलका भुच्चो मंडी (एससी) से बीबी सुखजीत कौर लहरा धूरकोट, हलका भदौड़ (एससी) से बीबी हरप्रीत कौर रुड़के कलां तथा हलका महल कलां (एससी) से बीबी बलजीत कौर मांगेवाल शामिल हैं। इसी प्रकार हलका जलालाबाद से बीबी परमजीत कौर जंडवाला भीमेशाह, हलका बल्लूआणा (एससी) से बीबी वीरपाल कौर गोबिंदगढ़, हलका फिरोजपुर देहाती (एससी) से बीबी मनजिंदर कौर तलवंडी भाई, हलका श्री फतेहगढ़ साहिब से बीबी हरभजन कौर सरहिंद, हलका बसी पठाना (एससी) से बीबी करमजीत कौर खमाणो, हलका गुरदासपुर से बीबी बलविंदर कौर तत्तले को जिम्मेदारी सौपी गई है।

## गुरदासपुर के कई हलकों में हुआ बदलाव

हलका कादियां से संतोष भगत, हलका बटाला से बीबी रणबीर कौर देवता, हलका हरगोबिंदपुर (एससी) से बीबी सुखविंदर कौर, हलका दीनानगर (एससी) से बीबी मनजीत कौर पुराना शाला, हलका टांडा से बीबी हरिंदर कौर चिप्पड़ां, हलका होशियारपुर से बीबी परमजीत कौर शेरगढ़ तथा हलका शामचुरासी (एससी) से बीबी रणजीत कौर कोटला नौध सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची के अनुसार हलका फिल्लौर (एससी) से बीबी रणजीत कौर रुड़का खुर्द, जालंधर नॉर्थ से बीबी सतनाम कौर भुल्लर, जालंधर पश्चिमी (एससी) से बीबी पूजा छाबड़ा, जालंधर सेंट्रल से बीबी रीटा रानी, जालंधर कैंट से बीबी राजबीर कौर ओलंपियन, कपूरथला से बीबी बलबीर कौर सिधवां, फगवाड़ा देहाती (एससी) से बीबी वीना रानी रावलपिंडी तथा फगवाड़ा शहरी से बीबी सरबजीत कौर पूर्व एमसी भगतपुरा को हलका प्रधान नियुक्त किया गया है।

## लुधियाना जिले में भी की गई नियुक्तियां

इसके अलावा हलका गिल (एससी) से बीबी गुरदीप कौर जस्सेवाल, दाखा से बीबी सुखमिंदर कौर गुज्जरवाल, आत्म नगर से बीबी गुरप्रीत कौर अरोड़ा, पायल (एससी) से बीबी करमजीत कौर कद्दों, लुधियाना दक्षिणी से बीबी नीना वर्मा प्रभात नगर, लुधियाना सेंट्रल से बीबी गुरप्रीत कौर सीबिया, लुधियाना वेस्ट से रजिंदर कौर संधू को जिम्मेदारी सौपी गई है। बाघापुराना से बीबी खुशविंदर कौर बंबीहा, निहाल सिंह वाला (एससी) से बीबी सुखदीप कौर सैदोके, मानसा से बीबी करमजीत कौर समाओ, बुढ़लाडा (एससी) से बीबी सुखविंदर कौर सुख्खी तथा सरदूलगढ़ से बीबी लाभ कौर मूसा को नियुक्त किया गया है।

## मालवा में भी किया गया विस्तार

- *हलका लंबी से बीबी रजिंदरपाल कौर बादल, मलेरकोटला से बीबी सुरैया बेगम, राजपुरा से बीबी करमजीत कौर राजपुरा, नाभा (एससी) से बीबी एकता बंसल, पठानकोट से बीबी नरेंद्र कौर भड़ौली कलां, सुजानपुर से बीबी अनुपूर्णा धार कलां, भोआ (एससी) से बीबी अमनदीप कौर मल्कपुर, रूपनगर से बीबी चरणजीत कौर मल्कपुर को जिम्मेदारी सौपी गई। चमकौर साहिब (एससी) से रणदीप कौर बहिरामपुर जमींदारा, बलाचौर से सुरिंदर कौर आसरों, संगरूर से जसविंदर कौर नक्टे, धूरी से मनजीत कौर औलख, दिड़बा (एससी) से हरजिंदर कौर नंगला, लहरागागा से चरणजीत कौर लहरा तथा तरनतारन से बीबी परमिंदर कौर (एमसी) के नाम शामिल हैं। पार्टी नेतृत्व ने बताया कि संगठन के अन्य विंगों के हलका प्रधानों की घोषणा भी जल्द कर दी जाएगी।*

# चाकू की नोक पर पार्सल डिलीवरी बॉय से लूट, 48 घंटे में तीन आरोपी गिरफ्तार

## एक्टिवा, चाकू, लूटा गया पर्स और नकदी बरामद; आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही पुलिस

अजीत झा,
चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। चंडीगढ़ सेक्टर 31 थाना पुलिस ने हल्लोमाजरा क्षेत्र में पार्सल डिलीवरी बॉय से चाकू की नोक पर हुई लूट की वारदात का 48 घंटे के भीतर पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा, एक चाकू, लूटा गया पर्स, नकदी और पीड़ित के दस्तावेज बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निदेशों, एसपी सिटी केएम प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में की गई। थाना सेक्टर-31 के एसएचओ हरिओम शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच के दौरान रामदरबार निवासी विशाल उर्फ अजय (28), सेक्टर-25 निवासी विनीत उर्फ बिन्नी (28) और इंदिरा आवास कॉलोनी, रामदरबार निवासी अभि उर्फ लाला उर्फ अवि को



गिरफ्तार किया।

### पार्सल डिलीवरी के दौरान बनाया निशाना

थाना प्रभारी हरिओम शर्मा के मुताबिक विकास नगर, मौली जागरां निवासी जितेंद्र सिंह पार्सल डिलीवरी का कार्य करता है। 1 जून की शाम करीब 4:15 बजे वह साइकिल पर सवार होकर हल्लोमाजरा स्थित रविदास



मंदिर के पास एक पार्सल देने पहुंचा था। इसी दौरान एक्टिवा पर सवार तीन युवक उसके पास आए। शिकायत के अनुसार दो युवकों ने उसे पकड़ लिया, जबकि तीसरे ने चाकू निकालकर धमकाया और उसकी पैंट की पिछली जेब से काला पर्स छीन लिया। पर्स में 3,200 रुपये नकद, आधार कार्ड और पैन कार्ड की प्रतियां रखी हुई थीं। वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

# स्मार्ट पार्किंग के नाम पर चंडीगढ़ की जनता को बार-बार लूटना बंद करे भाजपा शासित नगर निगम- योगेश ढींगरा

चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और वार्ड नंबर 25 के पार्षद योगेश ढींगरा ने भाजपा शासित चंडीगढ़ नगर निगम को चंडीगढ़ की जनता को बार-बार स्मार्ट पार्किंग के



नाम पर लूटने पर कड़ी आपत्ति जताई। पार्षद योगेश ढींगरा ने लोगों से अपील करी है की सभी मिलकर नगर निगम के इस प्रस्ताव का हर मंच पर विरोध करें क्योंकि पहले भी पार्किंग के रेट इसलिए बढ़ाए गए की नगर निगम लोगों को स्मार्ट पार्किंग देगा परंतु आज तक नगर निगम लोगों को स्मार्ट पार्किंग की सुविधा नहीं दे पाया और चंडीगढ़ के लोगों पर फोर व्हीलर के चार्ज ₹10 से बढ़ाकर 14 रुपए और टू व्हीलर के ₹5 से बढ़ाकर ₹7 कर दिए गए परंतु लोगों को आज तक स्मार्ट पार्किंग नहीं मिली। यह सरेआम चंडीगढ़ की जनता से लूट है जिसका आम आदमी पार्टी डटकर विरोध करती है। पार्षद ने बताया कि नगर निगम की हाउस मीटिंग में आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने सहमति से एजेंडा पास किया था की चंडीगढ़ की जनता को मुफ्त में पार्किंग की व्यवस्था की जाए और सेक्टर 17, 22, 35 और अन्य कमर्शियल पार्किंग स्थलों पर एडवर्टाइजमेंट या विज्ञापन से पैसा कमाया जाए, इसमें बड़ी-बड़ी कंपनियां पार्टिसिपेट करेगी और नगर निगम को पैसा देगी जिससे चंडीगढ़ की जनता पर पार्किंग के नाम पर पैसे नहीं वसूले जाएंगे परंतु आज तक ना तो नगर निगम ने इस पर ध्यान दिया और ना ही चंडीगढ़ प्रशासन ने और अब पांच बिजी मार्केट में रेट चार गुना बढ़ाने का प्रस्ताव लाया जा रहा है जो की चंडीगढ़ की जनता की जेब में डाका मारने जैसा है। पार्षद ने आगे कहा की नगर निगम पहले लोगों को स्मार्ट पार्किंग दे ताकि पिछली बार बढ़ाई गई रेट को जस्टिफाई कर सके।

# मुख्य सचिव ने जीजीडीएसडी कॉलेज का शैक्षणिक सत्र 2026-27 का प्रॉस्पेक्टस लॉन्च किया




अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/03 जून। चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, आईएएस ने बुधवार को सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) कॉलेज के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रॉस्पेक्टस, स्टूडेंट हैंडबुक और हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस का विमोचन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा और जीजीडीएसडी कॉलेज सोसायटी के प्रतिनिधियों ने मुख्य सचिव को संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, छात्र-केंद्रित पहलों तथा भावी विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जीजीडीएसडी कॉलेज के योगदान की सराहना करते हुए संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। कॉलेज प्रशासन के अनुसार नए प्रॉस्पेक्टस में आगामी प्रवेश सत्र के लिए उपलब्ध शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध अवसरों, आधारभूत संरचना, छात्रवृत्तियों, प्लेसमेंट सुविधाओं और छात्र सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी शामिल की गई है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372